डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 85 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 03 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया




## शिवराज के साथ वादा भी लूप लाईन में

### इस साल भी नहीं मिल सकी हिंदी माध्यम की किताबें, इंजीनियरिंग छात्रों को अंग्रेजी भाषा में शिक्षा लेना मजबूरी

**भोपाल, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने दावा किया था कि गांव, गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी में कमजोर होने के बाद भी हिंदी माध्यम में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर पाएंगा। शिवराजसिंह चौहान तो फिलहाल लूप लाईन में चले गए। वहीं उनका वादा भी फिलहाल लूप लाईन में जाता नजर आ रहा है। साल बीतने के बाद भी हिन्दी में इंजीनियरिंग की किताबें तैयार नहीं हो सकी हैं। ऐसे में हिन्दी माध्यम का चयन करने वाले विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम की किताबों से पढ़ाई करने को मजबूर हैं। जबकि, अंग्रेजी भाषा में कठिनाई महसूस होने के कारण इन्होंने हिन्दी माध्यम चुना था। बताया जा रहा है कि किताबों के अनुवाद का 70 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है। 30 फीसदी काम अब भी शेष है। जबकि, इंजीनियरिंग में किताबें तैयार होने की खबर के बाद इस साल हिन्दी में इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

#### आरजीपीवी को सौंपा है काम...

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा 12 भाषाओं में इंजीनियरिंग की किताबें तैयार की जा रही हैं। हिन्दी में किताबें तैयार करने का दायित्व राजीव गांधी प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को सौंपा गया है। समन्वय हिन्दी अनुवाद परियोजना डॉ. शंशिरंजन अकेला ने बताया कि इंजीनियरिंग, डिप्लोमा द्वितीय वर्ष के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में 88 पुस्तकों पर काम किया जा रहा है। इसमें 42 पुस्तकें इंजीनियरिंग की और 46 पुस्तकें डिप्लोमा की हैं। तकनीकी किताबें होने के कारण अनुवाद में समय लग रहा है। एक किताब में ही 100 से 150 चैप्टर हैं।

#### इन भाषाओं में तैयार हो रहीं किताबें...

हिन्दी के अलावा 2 पुस्तकें अंग्रेजी में तथा शेष 22 पुस्तकें क्षेत्रीय भाषाओं में हैं। प्रारंभ में इसे 9 भाषाओं (हिन्दी, ओडिया, मराठी, बंगाली, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, पंजाबी, गुजराती) में अनुवाद शुरू किया गया और बाद में तीन अन्य भाषा (उर्दू, मलयाली, असमिया) को जोड़ा गया।

#### शिक्षा लेने वालों में हिंदी माध्यम के विद्यार्थी ज्यादा...

जानकारी के अनुसार कक्षा बारहवीं के बाद प्रतियोगी परीक्षा पास करने के बाद इंजीनियरिंग में दाखिला लिया जा सकता है। हिंदी माध्यम से कक्षा बारहवीं पास कर इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वालों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। अंग्रेजी माध्यम में इंजीनियरिंग होने के कारण इन्हें परेशानी आती है। इसे देखते हुए ही हिंदी माध्यम में इंजीनियरिंग कराने की योजना बनी थी।

## क्यूंकि चीता भी खाता-पीता है..

# शाजापुर के काले हिरण की मंजूरी का इंतजार?

### एक हजार चीतल के साथ गांधी सागर में दहाड़ेंगे चीते, 15 फरवरी से लाने का काम होगा शुरु

**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। गांधी सागर अभ्यारण्य में 15 फरवरी से अफ्रीका से चीतों को लाने का काम शुरु हो जाएगा। इसके पहले एक हजार चीतल यहां लाए जा रहे है। जिनमें से कुछ आ भी गए है और अभ्यारण्य में कुलांचे भर रहे है। कान्हा नेशनल पार्क और भोपाल के अलावा शाजापुर से काले चीतल लाने की कवायद शुरु हो गई है। कान्हा नेशनल पार्क, नरसिंहगढ़ और भोपाल से तो चीतल को लाने की मंजूरी मिल गई है। शाजापुर से काले हिरण की मंजूरी मिलना बाकी है। इधर नए साल में एक जनवरी से चीतल को लाने की कवायद शुरु हो गई है। चीतों के आने से पहले उनके भोजन के रूप में चीते यहां लाए जा रहे है।**

गांधीसागर अभयारण्य में चीतो के साथ चीतल भी जाए जाएंगे। चीतल के लिए अलग से करीब 38 हेक्टयर भूमि पर क्षेत्र का निर्माण किया गया है। करीब ही राजस्थान की सीमा है। ऐसे में चीतल या चीता विचरण करते हुए मप्र से राजस्थान नहीं चले जाए, इसके लिए भी बाउंड्रीवॉल को बनाया है। अब तक करीब 270 चीतल को यहां छोड़ा जा चुका है। जिनका कुनबा लगातार बढ़ रहा है। चीतो के लिए जो क्षेत्र तैयार हो रहा है, उसका कार्य अंतिम चरण में है। वन विभाग के अधिकारियो के अनुसार इसके पूरे होते ही नए साल में चीते भी लाए जाएंगे, जिन्हें अभ्यारण्य क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

बताया गया है कि कान्हा नेशनल पार्क से 500 व भोपाल से 250, नरसिंहगढ़ के चिड़िखो से 250 चीतल या हिरण अभयारण्य में लाने की तैयारी शुरु हो गई है। सबसे अंत में शाजापुर से 400 काले हिरणों को लाया जाएगा। चूंकि, शाजापुर में जिस स्थान में काले चीतल अधिक संख्या में पाए जाते है, वहां इस समय उपज है व उसकी कटाई जनवरी माह में पूरी हो जाएगी। हालांकि काले चीतल लाने की मंजूरी का इंतजार हो रहा है। शेष स्थान से मंजूरी मिल गई है व नए साल में एक जनवरी से इनके आने का दौर शुरु हो गया है।

#### शिकारी होंगे खुद शिकार...

चीते जहां विचरण करेंगे, उस क्षेत्र में अन्य कोई उनके जीवन में खलल नहीं डाले, इसके लिए तार फेंसिंग का कार्य पूरा हो गया है। इतना ही नहीं, इसके अलावा करीब 30 किमी लंबी सोलर उर्जा से सुरक्षा चक्र तैयार किया जा रहा है। इन तार के करीब जैसे ही कोई अन्य जानवर या मनुष्य शिकार की दृष्टि से भी आया तो उसको हल्का करंट लगेगा। इतना ही नहीं इसके साथ - साथ सुरक्षा नियंत्रण कक्ष में सायरन बजेगा व जीपीएस की मदद से उस क्षेत्र में वन विभाग का दल पहुंच जाएगा। करीब 9 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 17 करोड़ रुपए की लागत से इसका काम अब अंतिम चरण में है। यहां चीतो को पेयजल सहित अन्य कमी नहीं हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की जा रही है।

#### सीएम से 15 फरवरी का मांगा समय...

गांधीसागर अभयारण्य में चीतों के लिए नया घर बनकर तैयार हो गया। नए साल में 12 चीतों को यहां छोड़ा जाएगा। वनविभाग ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से 15 फरवरी का समय मांगा है। सब कुछ तय प्लान से हुआ तो 15 फरवरी को गांधीसागर अभ्यारण्य में चीतें छोड़े जाएंगे। चीतों के आने से इलाके में ढाई हजार से ज्यादा लोगो को रोजगार मिलेगा। जिले की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। चीता प्रोजेक्ट की लागत 30 करोड़ रुपए है। क्वॉरंटीन बाड़े से लगी हुई चंबल नदी है। इसमें चीते पानी भी पी सकते है। हालांकि एक टंकी का निर्माण भी किया है।

#### क्वॉरंटीन बाड़ा भी तैयार...

वनविभाग ने 28 वर्ग किमी का क्वॉरंटीन बाड़ा तैयार कर इस पर तार फेंसिंग की है। हर सात किमी पर बिजली के लिए एक सोलर पाइंट होगा। कैमरे भी लगेंगे। इस तार फेंसिंग की लागत 17.70 करोड़ रुपए आई है।

## मंगलवार को भी जारी रही शीत लहर...

# दोपहर में भी कंपकंपाते रहे लोग, शीत लहर के साथ तापमान में भी गिरावट





**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को भी सुबह कोहरा और दिन भर शीतलहर चलती रही। यह इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। ठंड का असर और तेज हो गया। दोपहर में भी कोहरा छाया रहा। सूरज दूसरे दिन भी बादलों के बीच ही ढका रहा। शीत लहर के चलते ऊनी कपड़ों से लोग ढके हुए नजर आए। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना बच्चों और बुजुर्गों को करना पड़ा। दोपहर में कई जगहों पर अलाव जलते हुए नजर आए। बाजार में भी ठंड का असर देखा गया। सुबह बाजार देरी से खुले।

अंग्रेजी नए साल का दूसरा दिन भी कोल्ड डे के रुप में बीता। पहाड़ों की ठंडी हवाओं और घने कोहरे के बीच ठंड का डबल अटेक हुआ तो पूरा जिला कंपकपाया। ठंड के सितम से बचने के लिए दिनभर चौक-चौराहों से लेकर गांव की चौपाल पर अलाव चलते रहे। वहीं दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हुए। आसमान पर बादलों के बीच घना कोहरा दोपहर तक छाया रहा। इसके बाद भी शाम तक धूप एक बार भी नहीं निकली। वहीं आवाजाही भी प्रभावित हुई। कड़ाके की ठंड के बीच साल का पहला दिन ठिठुरन के बीच बीत गया। मौसम के जानकारों के अनुसार गुरुवार तक मौसम यथावत रहने की संभावना है।

मंगलवार को घने कोहरे के बीच विजीबलिटी भी अत्यधिक कम रही। दोपहर तक कोहरे के बीच पशुपतिनाथ मंदिर स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं शिवना नदी व तैलिया तालाब क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा नजर आया। पश्चिमी विक्षोभ का असर जिले में देखा जा रहा है। तापमान लुढ़का तो ठंड का असर भी बढ़ा। और इस बार की ठंड में पहली बार पूरा दिनभर अत्यधिक ठंड के बीच गुजरा।

#### और बढ़ेगा ठंड का सितम...

मौसम के इस बदलते चक्र के बीच 10 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रही। हवाओं के साथ घने कोहरे व आसमान पर छाए बादलों के कारण ठंड भी अधिक रही। हालांकि मौसम विभाग की माने तो आगामी समय में ठंड का सितम और बढ़ेगा। गांवों में दिनभर चौपाल पर अलाव जलते रहे तो शहरों में भी यहीं आलम रहा।

#### दिनचर्या में भी हुआ बदलाव...

ठंड के कारण आम दिनचर्या में भी बदलाव देखा गया। अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे तो जरुरी होने पर जो घरों से बाहर निकलें तो भी गर्म कपड़ो में लिपटे हुए निकली। जहां एक और सुबह से सर्द हवाएं तेज चल रही थी वहीं दूसरी और आसमान में बादल छाने के कारण धूप के दीदार भी नहीं हुए। ऐसे में कई स्थानों पर दिनभर लोग अलाव के सहारें ठंड से राहत पाने के लिए जतन करते हुए नजर आये। न्यूनतम तापमान भी 10 डिग्री के अंदर पहुंच गया। सर्द हवाओं के चलते जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया। वही मौसम विभाग की माने तो मप्र में अभी लगातार मौसम में परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। दिसंबर के बाद जनवरी की शुरुआत भी ठंड के साथ हुई। 4 जनवरी के बाद मौसम में तेजी से बदलाव आने की संभावना है और उस समय सक्रिय होने वाले वेदर डिस्टर्बेंस का जिले में असर दिखाई देगा। हालांकि बदलते हुए मौसम के बीच फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है।

**मंडी में भी पड़ा असर**

कृषि उपज मंडी मंदसौर में भी हड़ताल का असर दिखा। ट्रक-बस ड्रायवरो की हड़ताल के कारण पर्याप्त मात्रा में लहसुन व प्याज की आवक नहीं होने से नीलामी नहीं हुई।

छाया- सचिन जैन

# मंगलवार को भी बेबस दिखी आम जिंदगी

### थमे रहे वाहनों के पहिए, आमजन की परेशानी का दौर जारी




**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। ड्रायवरों की हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। जिसके कारण आम लोगों की जिंदगी बेबस और लाचार नजर आई। न बस सुविधा थी और न ऑटो या टेंपो मिल रहे थे। कहीं जाना हो तो पैदल या जुगाड़ मजबूरी बन हुआ था। इधर सरकार ने फिलहाल अब तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया है और न ही चालकों ने हड़ताल वापिस ली है।**

बता दें कि जिले में 338 यात्री बसों के साथ 3 हजार से अधिक ऑटो, ट्रक- लोडिंग वाहन सहित अन्य कमर्शियल वाहनों के पहिये भी थम गए है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्री बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर भटकते रहे। ऑटो-टेम्पो यूनियन संघ के अध्यक्ष भाजपा नेता हिम्मत डांगी ने बताया कि कोई भी ड्राइवर आगे रहकर दुर्घटनाएं नहीं करता, हादसे अनायास ही होते हैं। ड्रायवर तो जानवरों को तक बचाने के प्रयास करते हैं। इस तरह कानून थोपना गलत है। हालांकि सरकार से उम्मीद है कि ड्रायवरों की मांग को मानेंगे व इनके हित में निर्णय लेंगे। डांगी के मुताबिक निर्णय नहीं आने पर मंगलवार को भी हड़ताल जारी रही। इधर, मंदसौर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि मंदसौर के 200 से 250 ट्रकों के पहिए थमे रहे।

#### वस्तुओं के दाम बढ़े, अब सिलेंडर की किल्लत...

इतना ही नहीं हड़ताल का असर ये हुआ की एक ही दिन में सब्जी से लेकर अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ गए। वहीं अगर यही स्थिति रही तो दो दिनों में गैस सिलेंडर की किल्लत शुरू हो जाएगी। बताया जा रहा है की जिले में आठ हजार सिलेंडर का स्टॉक है। जानकारी के अनुसार एचपी गैस की सप्लाई कोटा से और इंडेन की सप्लाई उज्जैन से होती है। हड़ताल के दरमियान दोनों जगहों से सप्लाई रुकी तो परेशानी ही सकती है।

#### इस कारण ड्राइवर कर रहे प्रदर्शन...

वर्तमान में हिट एंड रन मामले को आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 304 ए (लापरवाही के कारण मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत केस दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। विशेष केस में आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ दी जाती है। संशोधन के बाद सेक्शन 104 (2) के तहत हिट एंड रन की घटना के बाद यदि कोई आरोपी घटनास्थल से भाग जाता है। पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं करता है तो उसे 10 साल तक की सजा भुगतनी होगी और 7 लाख रुपए तक का जुर्माना देना होगा।

#### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉफ्रेसिंग से लिया जायजा...

मुख्य सचिव वीरा राणा ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कर जिलों का हाल जाना। कलेक्टरों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद सरकार हरकत में आई। पदभार ग्रहण करने के बाद परिवहन मंत्री उदयप्रताप ने कहा कि हड़ताल समस्या का हल नहीं है। वार्ता से ही समाधान होगा।

#### हाईकोर्ट ने कहा-ड्रायवरों की हड़ताल खत्म कराए सरकार...

मंगलवार को दूसरे दिन भी प्रदेश में ट्रक-बस ड्रायवर्स की हड़ताल का असर जरूरी सेवाओं पर दिखा। इसके चलते मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिए हैं। दो याचिकाओं पर मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा, 'हड़ताल को तुरंत खत्म करवाया जाए। सरकार परिवहन बहाल करवाए।' इस पर सरकार की तरफ से महधिवक्ता ने कहा, 'आज शाम तक इस मामले में अहम निर्णय लिया जा रहा है।' ये याचिकाएं नागरिक उपभोक्ता मंच और अखिलेश त्रिपाठी की ओर से दायर की गई थी।

#### कानून विरुद्ध गतिविधियों का हिस्सा ना बनें-रातड़िया

जिला मोटर मालिक संघ के अध्यक्ष शिखर रातड़िया ने सभी बस ड्रायवर बंधुओं से अनुरोध किया है कि शांतिपूर्ण तरीकों से विरोध दर्ज कराएं तथा हाइवे और मार्ग चक्काजाम जैसी कानून विरुद्ध गतिविधियों का हिस्सा ना बनें। शांतिपूर्ण तरीके से शासन के सामने अपनी मांगें रखें तथा कानून के विरुद्ध कोई कार्य करके आम जनता तथा अपने लिए कोई समस्या खड़ी ना करें। सभी बस मालिक आपकी मांगों के समर्थन में हैं तथा शासन से इस पर पुनर्विचार के लिए अनुरोध कर रहे हैं।

### प्रशासन बोला-ऑल इज वेल

# अंचल में कई पेट्रोल पंप बंद, लगी रही लंबी कतारें

### कलेक्टर बोले- सप्लाई चेन में कहीं कमी नहीं, स्थिति पर हमारी नजर



**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिट एंड रन कानून के विरोध में दूसरे दिन ट्रांसपोर्ट यूनियन और ड्रायवर यूनियन की हड़ताल का असर पेट्रोल पंपों पर नजर आया। शहर सहित अंचल में कई पेट्रोल पंप बंद हो गए। जहां पेट्रोल दिया जा रहा था वहां लंबी कतारें लगी हुई थी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों का निरीक्षण भी किया। प्रशासन के अनुसार पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बताया की जिले में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। बीती रात ही पुलिस की सुरक्षा में पेट्रोल डीजल के 7 टैंकर मंगवाए है। दूध की फैक्ट्री जिले में ही होने से इसकी सप्लाई भी जारी है। डीएम ने कहा की जिले की सप्लाई चेन में कही कोई कमी नहीं है। हम हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

#### दो दिन से नहीं लग पाया टैंकर...

मंगलवार को भी पेट्रोल- डीजल भरवाने की होड़ में पंपों पर लोगों की भीड़ लगी रही। जानकारी के अनुसार जिले में 154 पेट्रोल पंप हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अनुसार पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में है। जबकि, संचालकों का कहना है कि नेचुरल सेल से सोमवार को डबल सेल हुई। मंगलवार को भी यही स्थिति रही। लोगों की ओर से ओवर स्टॉकिंग भी देखने को मिला। डिपो से रोज टैंकर लगता है। लेकिन, हड़ताल के कारण दो दिन से टैंकर नहीं लग पाया। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अनुरोध है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें एवं अनावश्यक रूप से परेशान न हों।

#### जरुरत नहीं फिर भी भराया पेट्रोल...

शहर के बीपीएल चौराहा, मार्डन पेट्रोल पंप, रामटेकरी कार्नर सहित अन्य पेट्रोल पंपों पर लोग कतारबद्ध अपने वाहनों में पेट्रोल और डीजल भरवाते नजर आए। कुछ लोग तो इसलिए भी पेट्रोल भरवाते नजर आए की कहीं पेट्रोल खत्म ना हो जाए। कभी जरूरत पड़ी तो पेट्रोल नहीं मिलेगा। जबकि, उन्हें आवश्यकता भी नहीं थी। रात्रि में पेट्रोल भरवाने वाले लोग अपनी जरूरत से ज्यादा पेट्रोल भरवाते हुए दिखाई दिए। यही कारण रहा कि मंगलवार को कई पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म हो गया।

#### आला अधिकारियो ने किया सब्जी मंडी एवं धान मंडी का निरीक्षण...

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने ड्रायवरो की हड़ताल को ध्यान में रखते हुए सब्जी मंडी एवं धान मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि सब्जी मंडी में सब्जियों की पर्याप्त आपूर्ति हो। सब्जी को लेकर आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि विगत 15 दिवस में कितनी सब्जी प्रतिदिन सब्जी मंडी में आ रही थी। कितनी खपत होती थी एवं अब विगत दो दिवस में कितनी सब्जी आ रही है और कितनी खपत हो रही है। उसकी जानकारी भेजें। मंडी सचिव मंडी की सभी व्यवस्थाएं बेहतर करें एवं सब्जियों के आवागमन को सतत चलने दे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, मंडी सचिव मौजूद थे।





# आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

## कलेक्टर, एसपी की ट्रांसपोर्ट, फल, सब्जी के संगठनों के साथ बैठक संपन्न

**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने ट्रांसपोर्ट संगठन, फल व सब्जी के संगठनों के साथ एक विशेष बैठक जिला पंचायत सभागार में ली। बैठक के दौरान सभी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। दिशा निर्देश प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो इसके लिए जिला पुलिस कंट्रोल रूम में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 07422-220500 एवं 7049101039 यह है। कलेक्टर ने सभी को कहा कि वाहनों को अनावश्यक रूप से ना रोका जाए। आवश्यक वस्तुओं को लाने ले जाने में सभी समन्वय के साथ काम करें। ऐसे बस ऑपरेटर जो बेवजह बस नहीं चला रहे हैं। उन्हें आरटीओ नोटिस जारी करें। सब्जियों को लाने ले जाने में अगर कोई समस्या आ रही हो, तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी। संगठन ड्रायवर को काम पर लाने के लिए प्रयास करें। उन्हें नए कानून के बारे में बताए। नए कानून की अच्छाइयों को बताएं। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि नियम अनुसार कार्य नहीं करने एवं ग़ैर कानूनी कार्य करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अगर किसी को ट्रांसपोर्ट में कोई समस्या आती है, तो उसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। समन्वय करें। प्रशासन द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, संगठनों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

**जिले में कुल 9 लाख 98 हजार 278 लीटर पेट्रोल, डीजल उपलब्ध-** जिले में पेट्रोल, डीजल, गैस की टंकियां पर्याप्त मात्रा में है। वर्तमान में जिले में कुल 9 लाख 98 हजार 278 लीटर पेट्रोल, डीजल उपलब्ध है। जिले में 1 लाख 36 हजार लीटर पेट्रोल, डीजल की आज आवक होगी। वही प्रतिदिन मात्र 1 लाख 50 हजार लीटर पेट्रोल, डीजल की खपत हो रही है। जिले में कुल 42 गैस एजेंसियां है। जहां पर पर्याप्त मात्रा में गैस टंकिया उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 11 हजार 275 गैस की टंकियां उपलब्ध है एवं प्रतिदिन 4 हजार 600 गैस की टंकियों की खपत होती है। गैस की टंकियों की इतनी मात्रा होने के बावजूद भी 2 हजार 575 टंकिया आज और आ रही है। इस तरह जिले में पेट्रोल, डीजल, गैस की टंकियों को लेकर कोई भी कमी नहीं है। हर चीज पर्याप्त उपलब्ध है। किसी को भी किसी भी तरह से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**दैनिक उपयोगी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने किया दल गठित-** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा ट्रक एवं बस ड्राइवरों के द्वारा की जा रही हड़ताल के दौरान समस्त दैनिक उपयोगी आवश्यक वस्तुओं की जन सामान्य को आपूर्ति निर्बाध रूप से बनाए रखने एवं समन्वय स्थापित करने हेतु दल का गठन किया। जिसमें श्री राकेश शर्मा संयुक्त कलेक्टर (दल प्रभारी) मोबाइल नंबर 9893506630, श्री रमेश चंद्र जांगड़े जिला आपूर्ति अधिकारी मोबाइल नंबर 9425108015, श्री वीरेंद्र यादव अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मोबाइल नंबर 9165164683, श्री रौनक दुबे वाणिज्यिक कर अधिकारी मंदसौर मोबाइल नंबर 8085605107, श्री जीपीएस सिसोदिया सचिव कृषि उपज मंडी मंदसौर (नोडल मंडी) मोबाइल नंबर 9926582922, श्री प्रकाश डोडवे जिला श्रम अधिकारी मोबाइल नंबर 9725640499, श्री वैभव बैरागी जिला प्रबंधक लोक सेवा मोबाइल नंबर 9926296183 एवं श्री रणवीर सिंह जोदान प्रबंधक दुग्ध संयंत्र जग्गा खेड़ी मोबाइल नंबर 8889830729 रहेंगे। गठित दल हड़ताल अवधि में स्थापित विशेष कंट्रोल रूम (07422-220500 एवं 7049101039) में दैनिक उपयोगी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करेगा।

# लोकहित में की गई सेवाएं अमूल्य हैं-उपमुख्यमंत्री देवड़ा


## सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों के विदाई समारोह में शामिल हुए



**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि शासकीय सेवा से सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की सेवाएं अमूल्य हैं। जितना समय और विशेषज्ञता नागरिकों की सेवाओं का समाधान करने में अधिकारियों-कर्मचारियों ने लगाई उसे पैसों से गिना नहीं जा सकता। श्री देवड़ा आज यहां मंत्रालय परिसर में वर्ष 2023 में मंत्रालयीन सेवा से सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों के विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि यदि पेंशन आदि ऐसे काम जिनमें प्रशासनिक बाधाओं के कारण देर लग रही हो इसके लिए हर प्रकार से मदद की जाएगी। श्री देवड़ा ने कहा कि यह न समझें रिटायर हो गये हैं। मन से कोई रिटायर नहीं होता। रिटायर होना एक भावना मात्र है।

उप मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों के उज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं देते हुए श्री देवड़ा ने कहा कि तीन दशकों तक सेवा करना कोई आसान काम नहीं है। अवकाश के कुछ दिनों को छोड़कर सभी साथी रात-दिन मेहनत करते रहे। समय का पता नहीं चला कि कब सेवा निवृत्ति का समय आ गया। श्री देवड़ा ने कहा कि विदाई का समय सबके लिये बड़ा भावुक दिन होता है। जो मान-सम्मान सेवाकाल में रहते हुए अर्जित किया है वह हमेशा साथ रहेगा। आज सबके बेटे-बेटियां खुश हैं कि अब पूरा समय परिवार में साथ रहेंगे। विदाई समारोह का आयोजन मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी - कर्मचारी संघ (अजाक्स) की मंत्रालयीन शाखा द्वारा किया गया था।

अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्री देवड़ा ने सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिये अजाक्स की पहल की भी सराहना की। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष म.प्र. अजाक्स एवं अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन, श्री जे.एन. कंसोटिया श्री सी.एस. धुर्वे, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री एस.एल. सूर्यवंशी, महासचिव (प्रशासन) श्री गौतम पाटिल, महासचिव श्री सुभाष वर्मा, अध्यक्ष मंत्रालय अधिकारी/कर्मचारी संघ एवं मंत्रालय अजाक्स शाखा के अध्यक्ष श्री घनश्याम भकोरिया तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



## भगवान श्री पशुपतिनाथजी को अर्पित पूजन सामग्री के निपटारे में आस्था का ध्यान रखा जाये

# विधायक जैन ने कंपोज पीट बनाने के निर्देश प्रबंधक को दिये

**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को विधायक श्री विपिन जैन ने भगवान श्री पशुपतिनाथजी मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुये प्रबंध समिति द्वारा उपलब्ध मौजुदा व्यवस्थाओ को देखा। इस दौरान श्री जैन ने प्रतिदिन बाबा श्री पशुपतिनाथजी को अर्पित पूजन सामग्री जिसमें पुष्पमालाओं सहित अन्य सामग्री को नपा के कचरा वाहन में डालने की जानकारी होने पर तत्काल प्रबंधक श्री राहुल रूनवाल को फटकार लगाते हुये पूजन सामग्री को उचित एवं सम्मान पूर्वक निपटारे के लिये मंदिर परिसर के आसपास कंपोज पीट बनाने के निर्देश दिये ताकी भक्तो की आस्था के साथ ही निर्मित खाद उपयोग हो सके। इस संबध में विधायक श्री जैन ने एसडीएम एवं प्रबंध समिति के सचिव श्री शिवनारायण शाक्य से भी मोबाईल पर चर्चा कर जल्द कार्य करने को कहा।

# पीर गुराड़िया का बेपरवाह सरपंच पदमुक्त

**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** दो वर्षो से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत पीर गुराड़िया के सरपंच ने पंचायत के निर्माण कार्यो में रूची नहीं दिखाई और गौशाला का निर्माण कार्य भी पूरा नहीं कराया। दो बार सरपंच को सुनवाई का अवसर भी दिया। लेकिन, फिर भी सरपंच ने ना तो कोई लिखित जवाब प्रस्तुत किया और ना ही पेशी पर हाजिर हुए। जिसके चलते म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अपने सरपंच पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार के दोषी पाते हुए सरपंच श्रीमती राधाबाई पति विनोदसिंह को पद से मुक्त कर दिया गया।

यह आदेश सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत पीर गुराडिया जनपद पंचायत मल्हारगढ़ मैं मनरेगा योजना अतर्गत वर्ष 20-21 में राशि रूपये 37.85 लाख की नवीन गौशाला निर्माण की स्वीकृत जारी की गई थी। स्वीकृत गौशाला निर्माण कार्य लम्बे समय से अपूर्ण होकर निर्माणाधीन है। स्वीकृत गौशाला कार्य को 15 दिसम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाना था। किन्तु जनपद पंचायत मल्हारगढ़ की प्रगति के आधार पर ग्राम पंचायत पीर गुराडिया द्वारा 02 वर्ष से अधिक समय व्यतित हो जाने के बावजूद भी आज तक गौशाला का कार्य अपूर्ण होना पाया गया। जिसके कारण अब तक कार्य पर व्यय की गई राशि निरर्थक होकर कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। ग्राम पंचायत पीर गुराडिया द्वारा गौशाला निर्माण का कार्य 02 वर्ष से अधिक समय व्यतित हो जाने के बावजूद भी पूर्ण नहीं कराये जाने के फलस्वरूप सरपंच के पद से पृथक किये जाने हेतु 02 मर्तबा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गए। लेकिन, नियत दोनो पेशियों में सरपंच ग्राम पंचायत पीर गुराडिया अनुपस्थित पाये जाकर ना ही अपना कोई लिखित में जवाब इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया। जिसके चलते सरपंच को पद से मुक्त कर दिया गया।

# कल आएंगी बीके शिवानी दीदी, कालेज ग्राउण्ड में होगा उद्‌बोधन

## समारोह स्थल पर भी हो सकेगा पंजीयन, प्रेरणादायी उद्‌बोधन का लाभ लेने की अपील



**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अध्यात्म जगत की अंतर्राष्ट्रीय वक्ता, जीवन प्रबंधन की विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का कल 4 जनवरी की सुबह भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर में आगमन हो रहा है। शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविघालय मैदान में सुबह 7.30 बजे से आपका खुशियों का उपहार विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन होगा। उक्त आयोजन में प्रवेश नि:शुल्क है लेकिन पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन के साथ ही प्रवेश पत्र प्राप्त होगा जिससे समारोह में प्रवेश मिलेंगा, पंजीयन ऑनलाईन अथवा स्थानिय सेवा केन्द्र आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार तथा समारोह स्थल कॉलेज मैदान पर भी पंजीयन करवाया जा सकता है। आयोजन को लेकर संपूर्ण तैयारियां हो चूकी है।

यह जानकारी सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने देते हुए बताया कि भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में प्रथम बार पधार रहीं ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी के आगमन को लेकर अपार उत्साह का वातावरण है। बड़ी संख्या में श्रोताओं ने पंजीयन करवाऐ है। ऑनलाईन पंजीयन के अलावा स्थानीय सेंटर पर भी बड़ी संख्या में प्रतिदिन पंजीयन हुए है। समारोह को लेकर विराट तैयारियां की गई है। कॉलेज मैदान में पांडाल बनाया गया है जिसमें बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। पिछले करीब 15 दिनों से भाई-बहनों ने घर-घर पहुंचकर आमंत्रण दिए है। आपने बताया कि बीके शिवानी दीदी का का प्रेरणादायी उद्बोधन 4 जनवरी 2024 को सुबह 7.30 बजे से स्थानीय कॉलेज ग्राउण्ड, महू-नीमच रोड़ पर होगा। आपने बताया कि बीके शिवानी दीदी को 3 जनवरी को प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में आगमन हो रहा है, यहां से कार द्वारा आप रतलाम आऐंगी। 4 जनवरी की सुबह 7.30 बजे आपका मंदसौर नगर में आगमन होगा, कॉलेज मैदान पर प्रात: 8 बजे से खुशियों का उपहार विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन होगा, करीब दो घंटे के उद्बोधन के पश्चात प्रात: 10.30 बजे आपका मंदसौर से इंदौर के लिए प्रस्थान होंगा।

**प्रख्यात मोटीवेशनल वक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक बीके शक्तिराजसिंह भी आऐंगे-** मंदसौर सेवा केन्द्र की संचालिका बीके उषा ने बताया कि प्रख्यात मोटीवेशनल वक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक बीके शक्तिराज सिंह का भी भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में आगमन हो रहा है, आपके सानिध्य में स्थानीय कॉलेज मैदान में 5 से 8 जनवरी 2024 तक जीवन का जश्न त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 9 बजे तक तथा संध्या 6.30 बजे से 8 बजे तक जीवन प्रबंधन और खुशहाल जीवन के लिए आपका उदबोधन होगा। त्रिदिवसीय शिविर के पहले दिन 5 जनवरी को खुशी को वाह-वाह, तनाव को बॉय-बॉय, दूसरे दिन 6 जनवरी को अपने आपका सबसे अच्छा संस्कार तथा तीसरे दिन 7 जनवरी को चिकित्सा ध्यान की शक्ति विषय पर आपका अध्यात्मिक, प्रेरणादायी उद्बोधन होगा।

# रबी फसलें हो रही प्रभावित, ठंड से बचने के लिए दिन भर अलाव तापते रहे लोग



**नगरी, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गत दो दिनों से क्षेत्र में कोहरे का कहर हैं सोमवार को जहाँ दिन भर कोहरा छाया रहा वही मंगलवार को भी दोपहर तक कोहरा रहों लगातार कोहरे एवं धूप नहीं निकलने से दो तीन दिन से भयंकर ठंड से जन जीवन अस्त व्यस्त रहा है। दिन भर शितलहर एवं पारे में जबरदस्त गिरावट के चलते लोग दिन भर अलाव तापते दिखाई दिए। वही किसानों का कहना है कि लगातार कोहरे एवं ठंड से रबी सिजन की फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। किसान रमेश धाकड़, ओमप्रकाश धाकड़ आदि ने बताया कि चना, अलसी, लहसुन सहित अन्य फसलों पर फलन प्रभावित होने के साथ ही धूप नहीं निकलने से विभिन्न वायरस संबंधित बिमारियां बड़ी है। किसानों को फसलों को बचाने के लिए दवाई छिड़काव करना पड़ेगा।



# सिंधिया के जन्मदिन पर जरुरतमंदों को वितरीत किए नि:शुल्क कम्बल

**पिपलियामंडी, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन पर युवा मोर्चा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संदीपसिंह राठौर, बन्ना मित्र मण्डल ने पिपलियामंडी में जरुरतमंदों को 31 कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दिलीप गोयल, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, पार्षद कमल गुर्जर, अग्रवाल समाज नगर अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद सुनील गर्ग, समाजसेवी ओमप्रकाश लक्षकार, पिपलिया भाजपा मंडल मंत्री शिवराजसिंह काचरिया, पूर्व पार्षद अनिल पाठक, मंडी व्यापारी राजू हरजानी, युवा समाजसेवी गोविंद पोरवाल, सुभाष कुसमाकर, धर्मेंद्र बन्ना, दिलीप देवड़ा, कमल माली, सुनील माली, लालसिंह चंद्रावत, सिंधिया फैंस क्लब जिला मंत्री पृथ्वीराज बन्ना, प्रदीप दायमा, महेश गुर्जर आदि उपस्थित थे

# लूनाहेड़ा में हुआ भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**लूनाहेड़ा, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत स्तर पर भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पिपलिया मंडल अध्यक्ष सांमतसिंह शक्तावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मुराड़िया, यात्रा प्रभारी राजु जाट, मंडल मंत्री भेरुलाल धनगर सहित अतिथियों ने सर्वप्रथम कन्या पूजन किया। अतिथियों का स्वागत सरपंच ईश्वरलाल धनगर, ग्राम भारती पूर्व अध्यक्ष नंदराम धनगर, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष करण मालवीय, पुर्व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, उप सरपंच रोहित शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अनिल पाटीदार सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सांमतसिंह शक्तावत ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर पंचायत स्तर शिविर आयोजित कर सभी पात्र हितग्राहियों को केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्र हितग्राहियों को केसे लाभान्वित किए जाएं। शिविर आयोजित कर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मुराड़िया ने उपस्थित हितग्राहियों को केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे बताया। कार्यक्रम के शुरू में विधालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पंचायत परिसर में 16 विभागों के स्टाल लगाए गए जहां अपात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए गए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में हितग्राही एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कमल धनगर ने किया तथा आभार ग्राम पंचायत सरपंच ईश्वरलाल धनगर ने माना।

# दलौदा महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते

**दलौदा, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खिलाड़ियों ने संभाग स्तर पर खो खो एवं हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीते महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री तौसीफ नागौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की आठ बालिकाओं ने पूरे संभाग में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता वही 29 दिसंबर को रतलाम में आयोजित संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में महाविद्यालय की चार बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन देवास को हराकर फाइनल में सिल्वर मेडल जीता। जिसमे महाविद्यालय की छात्राएं कुमारी कृष्ण पाटीदार, रानू पोरवाल, नीलम पाटीदार, शिवानी पाटीदार एवं गायत्री पाटीदार ने उत्कर्ष खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की शानदार सफलता पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री हेमंत धनोतिया तथा अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एलएन शर्मा एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## करंट से किसान की मौत

**पिपलियामंडी, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** करंट लगने से किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को गांव नालीखेड़ा में विनोद पिता बंशीलाल मालवीय की कुए पर करंट लग गया। पजिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया। मर्ग जांच आने के बाद पुलिस मामले की जांच करेगी।

# प्रधानमंत्री ने महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प लिया-मारू

## मनासा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को लाभ पत्र वितरीत



**मनासा, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प लिया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। यह बात मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने मंगलवार को मनासा नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय तिवारी, अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, एसडीएम श्री पवन बारिया व अन्यश अधिकारी उपस्थित थे। विधायक श्री मारू ने उपस्थितजनों से संवाद करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रहे, हितग्राहियों को यात्रा के दौरान लाभांवित किया जा रहा है। विधायक श्री मारू ने लाडली लक्ष्मी योजना एवं स्व सहायता समूह, को एनआरएलएम योजना के तहत तथा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत लाभ पत्र भी वितरित किए। विधायक श्री मारू ने उपस्थितजनों को विकसित भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की शपथ भी दिलाई। प्रारंभ में सीएमओ मनासा एवं पार्षदगणों ने अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, गणमान्य। नागरिक, पत्रकारगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बडी संख्या में विभिन्न वार्डवासी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# घने कोहरे और बर्फीली हवाओं से ठिठुरा अंचल

**लूनाहेड़ा, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में पिछले पखवाड़े से चल रहे घने कोहरे व बर्फीली हवाओं से लोगों की दिनचर्या ही बदल गई है। बदलते मौसम के मिजाज से एवं दिन में ठंडी हवाएं चलने से लोग गर्म कपड़ों से लिपटे रहे वहीं कई लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते देखे गए। सोमवार शाम से घना कोहरे की चादर छाई जो रात भर आसमान से ओंस की बुंदे पानी की तरह गिरती रही जो मंगलवार सुबह 11 बजे तक चली। घने कोहरे की दृश्यता अधिक होने से राहगीरों को आवागमन में परिशानियो का सामना करना पड़ा। कड़ाके ठंड एवं शीतलहर से दिन भर लोग ठिठुरते रहे। इसी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा है। कई लोग ने अपने दिनचर्या के काम-काज को लेकर अपने काम को गति दी। सुबह से लेकर शाम तक सुर्यदेव घने कोहरे में अदश्यमान रहे। किसानो ने बताया कि इस सीजन में खेतों में खड़ी फसलों को मावठे और ओंस की बुंदे से फसलों को काफी फायदा हुआ है।

# लोक सेवा गारंटी में 9 करोड़ 92 लाख आवेदनों का निराकरण

**मंदसौर, 2 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में नागरिक अधिकारों को सशक्त बनाने और लोक सेवा प्रदाय प्रणाली को प्रभावी एवं सरल बनाने के लिये सुशासन की दिशा में अभिनव प्रयास किये जा रहे है।सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचित सेवा क्रमांक 6.4 'जाति प्रमाण पत्र' प्रदाय अभियान के तहत लोक सेवा केन्द्रों द्वारा प्रदेश भर के स्कूल के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र के प्रदान करने संबंधी अभियान का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक लगभग एक करोड़ 39 लाख डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र प्रदान किये जा चुके हैं। यह सभी जारी किये गये डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र एक कॉमन रिपाजिटरी से वेबसाइटु.ाशिवर्ळीीीळलीं.सर्ीी.ळ पर उपलब्ध हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं के अंतर्गत अब तक करीब 9 करोड़ 92 लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

**लोक सेवा प्रबंधन विभाग का गठन-** राज्य में नागरिकों को बेहतर लोक सेवा दिये जाने के मकसद से राज्य सरकार ने 'लोक सेवा प्रबंधन विभाग' का पृथक से गठन किया है। विभाग द्वारा मुख्य-रूप से लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम का क्रियान्वयन, लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन, सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर का संचालन के साथ 'सीएम डैशबोर्ड' का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश की सभी तहसीलों में लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को निश्चित समयावधि में विभागों की सेवाएँ प्रदाय किये जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में पी.पी.पी. मॉडल के अनुसार 432 लोक सेवा केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम में अब तक 720 नागरिक सेवाएँ अधिसूचित की जा चुकी हैं। इनमें से लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को 341 सेवाएँ ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं।

**समाधान एक दिन तत्काल प्रदाय सेवा-** नागरिकों को एक दिन में सेवा उपलब्ध कराने के मकसद से 'समाधान एक दिन तत्काल प्रदाय सेवा व्यवस्था' भी संचालित की जा रही है। इसके तहत विभिन्न सरकारी विभागों की 32 सेवाओं को एक कार्य दिवस में नागरिकों को प्रदाय किया जा रहा है। इस व्यवस्था से करीब 2 करोड़ 50 लाख से अधिक नागरिकों को फायदा पहुंचा है। इस सेवा के तहत प्रदान किये जाने वाले डिजिटलि हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र whatsApp/ ईमेल के माध्यम से आवेदकों को भेजे जा रहे हैं, ताकि वे अपनी सुविधानुसार इसे डाउनलोड कर उसका उपयोग कर सकें।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in